# भारत में डिजिटल और एआई भविष्य के लिए बड़ा प्रोजेक्ट

## अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल ने मिलकर भारत में कुल 67 .5 अरब डॉलर के निवेश

**इंफाल, 11 दिसंबर अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल ने मिलकर भारत में कुल 67.5 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है. इस निवेश से देश का डिजिटल भविष्य और एआई आधारित नवाचार क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी. विशेषज्ञों के अनुसार भारत की युवा आबादी, सस्ता इंटरनेट और तेजी से बढ़ता डिजिटल माहौल इसे वैश्विक एआई निवेश के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बना रहे हैं.**



अमेजन ने 2030 तक 35 अरब डॉलर से अधिक निवेश करने का लक्ष्य रखा है. कंपनी का उद्देश्य एआई आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन को मजबूत करना है. इसके तहत लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर, डिजिटल भुगतान और तकनीकी विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा.

माइक्रोसॉफ्ट ने 17.5 अरब डॉलर का निवेश करके क्लाउड और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने, स्किलिंग कार्यक्रमों का विस्तार करने और सुरक्षित डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने की योजना बनाई है. गूगल की परियोजना से 1,88,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होंगी. इन नौकरियों का दायरा आईटी, ढांचागत विकास, संचालन और हरित ऊर्जा तक फैलेगा. कीस्टोन रिपोर्ट के अनुसार अमेजन ने 1.2 करोड़ से अधिक छोटे व्यवसायों का डिजिटलीकरण किया और 20 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाया.

माइक्रोसॉफ्ट सीईओ सत्य नडेला ने कहा कि भारत में 2030 तक 57.5 मिलियन डेवलपर्स होंगे, जिससे यह देश वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा डेवलपर बेस बनेगा. इसके साथ ही, अडानी समूह अगले छह वर्षों में भारत में 12 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जो बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और बंदरगाहों में बड़े बदलाव की उम्मीद जगाता है.

### अमेजन ने आईएनआईयू पावर बैंक का बड़ा रिकॉल किया

ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने अमेरिका में बेचे गए लाखों आईएनआईयू ब्रांड के पावर बैंकों को वापस मंगाने का निर्णय लिया है. यह कदम तब उठाया गया जब इन पावर बैंकों में आग लगने का खतरा सामने आया. यूएस कंज्यूमर प्रोडक्ट सेफ्टी कमीशन ने इन पावर बैंकों को तुरंत रिकॉल करने का आदेश दिया है. इस रिकॉल में अगस्त 2021 से अप्रैल 2022 के बीच अमेजन पर बेचे गए लगभग 2.10 लाख पावर बैंक शामिल हैं.

# टीएसएमसी का राजस्व 24 .5 प्रतिशत बढ़ा

**नवंबर में सालाना आधार पर कंपनी ने शानदार वृद्धि दर्ज की**

**विश्व स्तर पर एआई चिप्स की बढ़ती मांग**

**ताइपेई, 11 दिसंबर. दुनिया की प्रमुख सेमीकंडक्टर निर्माता कंपनी टीएसएमसी ने नवंबर 2025 में अपने राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है. कंपनी का समेकित राजस्व नवंबर में 343.61 अरब न्यू ताइवान डॉलर (लगभग 10.99 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा.**

यह पिछले वर्ष नवंबर की तुलना में 24.5प्रतिशत अधिक है, जबकि अक्टूबर 2025 के मासिक राजस्व की तुलना में 6.5प्रतिशत कम रहा. विशेषज्ञों के अनुसार, यह वृद्धि एआई





चिप्स की वैश्विक मांग के कारण हुई है. टीएसएमसी एआई सर्वर, बड़े पैमाने पर कंप्यूटिंग और प्रीमियम स्मार्टफोन के लिए उच्च-प्रदर्शन चिप्स का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनी हुई है. कंपनी की दोहरे अंकों वाली वार्षिक वृद्धि इसके वैश्विक एआई इकोसिस्टम में केंद्रीय भूमिका को दर्शाती है. 2025 के पहले ग्यारह महीनों में, कंपनी ने कुल 3,474.05 अरब एनटीडी (111.17 अरब अमेरिकी डॉलर) का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 32.8प्रतिशत अधिक है.

मासिक आधार पर अक्तूबर के मुकाबले मामूली गिरावट के बावजूद, एआई और उच्च-प्रदर्शन चिप्स की मजबूत वैश्विक मांग टीएसएमसी की निरंतर नेतृत्व क्षमता को उजागर करती है.

> कंपनी ने बयान में कहा कि एआई एक्सेलेरेटर और उन्नत पैकेजिंग तकनीक की बढ़ती मांग उसके वैश्विक राजस्व और लाभ में वृद्धि का प्रमुख कारण है. टीएसएमसी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बनी हुई है और विभिन्न उद्योगों में एआई की बढ़ती भूमिका इसे और लाभ पहुंचाने की संभावना रखती है.

# 2026 में आरबीआई रेपो रेट 5 प्रतिशत पर रह सकता है

**अमेरिकी फेड की तीसरी दर कटौती, भारत स्थिर**

**विदेशी निवेशकों के लिए लाभकारी परिस्थितियां बनी रहेंगी**

**मुंबई, 11 दिसंबर. अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने वर्ष के अंत में तीसरी लगातार ब्याज दर कटौती की घोषणा की है. फेड ने फेडरल फंड्स रेट को 3.50प्रतिशत से घटाकर 3.50-3.75प्रतिशत की सीमा में ला दिया है. इस वर्ष कुल मिलाकर 75 आधार अंकों की कटौती की जा चुकी है.**

यह कदम अमेरिकी श्रम बाजार के कमजोर संकेत कों और सरकार के शटडाउन के कारण नई आर्थिक सूचनाओं में बाधा को देखते हुए उठाया गया है. बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री दिपानविता मजूमदार ने बताया कि मौजूदा वैश्विक रुझानों और घरेलू स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत का रेपो रेट 2026 में 5 प्रतिशत के स्तर पर स्थिर रहने की संभावना है. उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच नीतिगत दरों में अंतर नियंत्रित है, और इस स्थिरता से विदेशी निवेशकों के लिए लाभकारी परिस्थितियां बनी रहेंगी. हालांकि, रुपये में हाल की अस्थिरता ने निवेश प्रवाह पर असर डाला है, लेकिन निकट भविष्य में उच्च उपज अंतर से एफपीआई प्रवाह को समर्थन मिलने की उम्मीद है. घरेलू खाद्य कीमतों पर नियंत्रण और मुद्रास्फीति में स्थिरता भारत के पक्ष में रुझान दिखा रही है.

# अकासा एयर के बेड़े में शामिल हुआ 31वां विमान

**नयी दिल्ली, 10 दिसंबर. नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर के बेड़े में एक और बोइंग 737 मैक्स विमान शामिल हो गया है. एयरलाइन ने बताया कि नया बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान 10 दिसंबर को बेंगलुरु के केम्पेगोड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा. इसके साथ उसके बेड़े में विमानों की संख्या बढ़कर 31 हो गयी है.**

यह उसके बेड़े में शामिल होने वाला पहला विमान है जिसे अंदर से खास तौर अकासा के लिए डिजाइन किया गया है. इसमें साफ्रां की जेड200 सीटें लगी हैं जो यात्रियों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करेंगी. अकासा एयर के





संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय दुबे ने कहा कि बेड़े में 31वां विमान शामिल होना विश्व स्तरीय एयरलाइन बनने की उसकी यात्रा में एक और कदम है. तीन साल पहले शुरू अकासा एयर के बेड़े में वर्तमान 31 बोइंग 737 मैक्स विमान हैं. उसने 226 बोइंग 737 मैक्स विमानों के लिए पक्का ऑर्डर दिया है जिनमें शेष 195 विमान उसे अगले सात साल में मिलने वाले हैं.

# वेदांता राजस्थान में करेगा एक लाख करोड़ का निवेश

**उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य**

**जयपुर, 11 दिसम्बर. वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने यहां बुधवार को राजस्थान में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश और उत्पादन दोगुना करने की घोषणा की.**

अग्रवाल ने पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हाथों प्रवासी राजस्थानी सम्मान से सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा कि समूह जिंक, सीसा, चांदी, तेल-गैस और नवीकरणीय ऊर्जा में अपना उत्पादन दोगुना करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा. उन्होंने कहा कि विकसित भारत की राह राजस्थान से होकर गुजरेगी.

राज्य की धरती में तेल-गैस और खनिजों का अपार भंडार है,





इसलिए राज्य देश की अर्थव्यवस्था को और ऊंचाई दे सकता है. वेदांता समूह राजस्थान में जिंक पार्क की स्थापना के साथ छोटे और मध्यम जिंक उत्पादक उद्योगों को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है. श्री अग्रवाल ने बताया कि 200 नये उद्योग स्थापित करने की क्षमता वाले जिंक इंटरनेशनल इंडस्ट्रियल पार्क में बिजली, पानी, कच्चा माल और बुनियादी ढांचे की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे छोटे तथा मध्यम उद्यमों और डाउनस्ट्रीम (तेल एवं गैस शोधन) सेक्टर को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा.

वेदांता समूह राजस्थान में उत्तर भारत का पहला फॉस्फेट उर्वरक प्लांट भी लगायेगा. यह परियोजना राजस्थान को ग्रीन राजस्थान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी. वेदांता समूह अब तक राजस्थान में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर चुका है.

### रुपया सात पैसे टूटा

**मुंबई, 10 दिसंबर.** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के भारतीय बाजार से पूंजी निकालने से बुधवार को रुपया सात पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 89.9450 रुपये का बोला गया. पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 17.50 पैसे की मजबूती के साथ 89.8750 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी. रुपया 12.50 पैसे की नरमी के साथ 90 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में यह ऊपर 89.76 रुपये और नीचे 90.10 रुपये प्रति डॉलर तक गया. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों में आज भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाली की. इससे रुपये पर दबाव रहा. हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में नरमी से रुपये को समर्थन मिला और उसकी गिरावट सीमित रही.

# सोने में तेज उछाल, चांदी की चमक बढ़ी

**1,19,460 रुपए हुआ 22 कैरेट सोना**

**1,99,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंची चांदी**

**नई दिल्ली, 11 दिसंबर. 11 दिसंबर की सुबह सोने और चांदी के बाजार में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई. फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की मांग बढ़ी, जिसका सीधा असर भारतीय बाजारों में दिखा.**

राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,470 रुपये



प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 1,19,610 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई. मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में भी सोने के भाव ऊंचे और स्थिर बने रहे. 24 कैरेट सोना 1,30,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,460 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है. पुणे और बेंगलुरु में भी 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,320 रुपये प्रति 10 ग्राम रही. विशेषज्ञों के अनुसार, घरेलू बाजार में सोने की कीमत इस साल अब तक 67 प्रतिशत बढ़ चुकी है. अगर वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां और रुपये-डॉलर का संतुलन इसी तरह बना रहता है, तो 2026 में सोने की कीमतों में 5त्न से 16त्न तक और इजाफा संभव है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव फिलहाल 4,201.70 डॉलर प्रति औंस है. चांदी के बाजार में भी तेजी दर्ज की गई. घरेलू बाजार में चांदी का भाव 1,99,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया है.

# यूरोपीय संघ के साथ एफटीए को लेकर भारत प्रतिबद्ध : गोयल

**मुंबई, 11 दिसंबर. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) को लेकर प्रतिबद्ध है और यह दोनों देशों से लिए फायदेमंद होगा.**

गोयल ने यहां 'इटली-भारत व्यापार मंच' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और इटली के बीच पिछले आठ महीने में यह तीसरा व्यापारिक संवाद है. दोनों देश अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, ईयू-भारत एफटीए को आगे बढ़ाने तथा संयुक्त व्यापार और निवेश के



अवसरों को विकसित करने पर काम कर रहे हैं.

उन्होंने कहा, 'हम मिलकर सुनिश्चित करेंगे कि भारत-इटली संबंध 21वीं सदी का सबसे निर्णायक संबंध बने. भारत एफटीए को लेकर प्रतिबद्ध है, जो एक न्यायसंगत, संतुलित और समान अवसर प्रदान करने वाला मुक्त व्यापार समझौता होगा. यह ईयू और भारत दोनों के लिए लाभदायक होगा, और हमें इसे अंतिम स्वरूप देना चाहिये.'

उन्होंने कहा कि भारत और इटली व्यापार, निवेश, अनुसंधान, नवाचार और अपने लोगों के बीच संबंधों सहित प्रमुख क्षेत्रों में संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना के कार्यान्वयन की दिशा में सक्रिय कदम उठा रहे हैं. उन्होंने कहा कि वाहनों के कलपुर्जों, कपड़ा, चमड़े के सामान कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारतीय और इटली के उद्योग एक साथ काम कर सकते हैं.

# रिजर्व बैंक ने 50,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदी

**मुंबई, 11 दिसंबर. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग तंत्र में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास के तहत गुरुवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की.**

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 05 दिसंबर को मौद्रिक नीति संबंधी बयान जारी करने के अवसर पर बताया था कि केंद्रीय बैंक इस महीने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा. इससे बैंकों के पास ज्यादा नकदी उपलब्ध होगी और वे ज्यादा ऋ़ण दे सकेंगे. पहले चरण के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदी गयी है जबकि 18 दिसंबर को इतने ही मूल्य की प्रतिभूतियां खरीदी जायेंगी. ये प्रतिभूतियां चार से लेकर 25 साल तक की मियाद वाली हैं. रिजर्व बैंक की गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने 6.75 प्रतिशत पर 2029 की 6,638 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां खरीदी हैं.

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक/ गति शक्ति / पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक 05/01/2026 को 15:30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है, जो उसी दिनांक को 15:30 बजे खोली जायेगी। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं उप मुख्य अभियंता/ गति शक्ति/ पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है तथा ऐसा कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त होता है, तो भी वह मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **(1) निविदा सूचना संख्या:** CPM-GSU-BPL-T-15-2025, **दिनांक:** 09.12.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल डिवीजन की गति शक्ति यूनिट में बीना यार्ड के पुनर्निर्माण कार्य के संबंध में बीना यार्ड में रेल की एटी वेल्डिंग की आपूर्ति और निष्पादन। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 69,40,390.43/- **निविदा की बयाना राशि:** ₹ 1,38,800/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** निल **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 05.01.2026.

**उप मुख्य अभियंता (गति शक्ति), प.म.रे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

समाचार विशेष

# राजस्थान भाजपा में बड़ा बदलाव !

**जयपुर. राजस्थान भाजपा संगठन में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए प्रदेश नेतृत्व ने जिलेवार नए प्रभारी और सहप्रभारी नियुक्त कर दिए हैं. यह महत्वपूर्ण नियुक्तियां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर की गई हैं. प्रदेश संगठन ने कुल 44 जिलों में प्रभारी और सहप्रभारी तैनात किए हैं ताकि आगामी राजनीतिक गतिविधियों, सदस्यता अभियानों, संगठन विस्तार और जमीनी मजबूती को नए सिरे से तेज गति मिल सके.**

हाल ही में घोषित हुए जिलाध्यक्षों की सूची के बाद यह दूसरी बड़ी संगठनात्मक घोषणा मानी जा रही है, जिससे भाजपा का जिला ढांचा अब पूरी तरह मजबूत होकर सक्रिय मोड में आ चुका है. पार्टी सूत्रों का कहना है कि यह बदलाव संगठन को बूथ स्तर तक अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सभी 44 जिलों में प्रभारी और सहप्रभारी नियुक्त करते हुए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि संगठन अब आने वाले महीनों में गांव-गांव, बूथ-बूथ तक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगा. नई नियुक्तियों के साथ पार्टी ने यह भी संकेत दिया है कि अभी और भी संगठनात्मक घोषणाएं की जा सकती हैं, ताकि हाल ही में घोषित जिलाध्यक्षों के साथ तालमेल बनाते हुए मजबूत टीम तैयार हो सके.

प्रदेश संगठन का मानना है कि जिलेवार प्रभारियों की नियुक्ति से न केवल संगठनात्मक गतिविधियों की मॉनिटरिंग आसान होगी, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता भी कई गुना बढ़ेगी. प्रभारियों से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वे नियुक्त जिलाध्यक्षों के साथ मिलकर जिला कोर कमेटी, मंडल स्तर की बैठकों और बूथ समितियों के पुनर्गठन में सक्रिय भूमिका निभाएं.

### प्रियंका चतुर्वेदी की क्या वापसी होगी?

**मुंबई.** यह लाख टके का सवाल है कि उद्धव ठाकरे की शिव सेना की नेता प्रियंका चतुर्वेदी का क्या होगा? उनका कार्यकाल अगले साल तीन अप्रैल को खत्म हो रहा है. यानी बजट उनका आखिरी सत्र होगा. क्या वे फिर किसी जुगाड़ से राज्यसभा पहुंच पाएंगी? ध्यान रहे वे पहले कांग्रेस पार्टी में थीं और कांग्रेस में प्रवक्ता के नाते उन्होंने अच्छी लोकप्रियता हासिल की थी. लेकिन 2018 में अचानक उन्होंने पाला बदल लिया और शिव सेना में चली गईं.

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**खुली निविदा क्रमांक: WCR-CRWS-TOILETUPG-25-32R**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः अप-ग्रेडेसन ऑफ टॉइलेट इन एलएचबी एसी एंड एलएचबी नॉन-एसी कोचेस एट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल। कार्य की लागतः** ₹ 44,21,58,610.40. **निविदा फार्म का मूल्यः** 0.00. **धरोहर राशिः** ₹ 23,60,800/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह। **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समयः** 17.12.2025/ 31.12.2025 को 16.00 बजे तक। **निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः** 31.12.2025 को 16.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारुप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका/ भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

*मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका, निशातपुरा, भोपाल.*

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**In The Court of Civil Judge Class-I, District Court, Civil Court Pawai Panna**

Presiding Officer : अमित कुमार शर्मा

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000045/2023)

शीला शर्मा ... वादी

Vs

आदित्य राव ... प्रतिवादी

Process ID- /2025

पेशी दिनांक- 28/01/2026

प्रेषिती-

1. राजेश शर्मा पिता गिरधारी लाल शर्मा, पता- निवासी ग्राम रैकरा तहसील सिमरिया जिला पन्ना मध्यप्रदेश हाल निवासी गुलमोहर, त्रिलंगा, 186 अरेरा कालोनी भोपाल तहसील हुजूर, जिला भोपाल मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी शीला शर्मा ने आपके विरूद्ध दावा दीवानी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें.

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें. यह आज तारीख 04 दिसंबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

(अमित कुमार शर्मा)
व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड
जिला- पन्ना (म.प्र.)

सील

**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

R.N.- 58456

पेज 01 का शेष

## गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे अटल जी

किया. कारगिल में पाकिस्तान को सबक सिखाया. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात दी.

**आंध्रप्रदेश और मध्यप्रदेश दो बिछड़े भाइयों के समान:** सीएम ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है. प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायडू की दोस्ती पक्की है.चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री हैं. वे आंध्र प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मप्र भी विकास के पथ पर अग्रसर है. एनडीए ने भगवान श्रीकृष्ण के वंशज को मप्र की कमान सौंपी है. आंध्र प्रदेश में नायडू ने सत्या जी को आगे बढ़ाया है. यही सबका साथ-सबका विकास का संकल्प है. जनता के चेहरे के भाव देखकर ऐसा लग रहा है कि आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश दो बिछड़े भाइयों के समान हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंध्र प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष टीवीएन माधव को अटल ज्योति संदेश यात्रा के लिए बधाई दी.

## मेक्सिको ने भारत पर 50 प्रतिशत लगाया टैरिफ

**नई दिल्ली, 11 दिसंबर.** भारत पर अमेरिका द्वारा 50 फीसदी टैरिफ लगाने के चार महीने बाद अब मेक्सिको ने भी 50 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है. मेक्सिको ने भारत के साथ-साथ चीन और दूसरे एशियाई देशों से आने वाले चुनिंदा उत्पादों के आयात पर भी 50 फीसदी का टैरिफ लगाया है. मेक्सिको ने अपने इस फैसले को राष्ट्रीय उद्योग और उत्पादकों की सुरक्षा के लिए अहम बताया है. मेक्सिको द्वारा लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ अगले साल 1 जनवरी से लागू होने वाला है. मेक्सिको ने जिन उत्पादों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है.

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 47/2025**

**निविदा सं. 6130251554 जिसके खुलने की तिथि 18.11.2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/100/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है:-**

| Tender No. & Short Description | Tender Opening date | |
|---|---|---|
| | From | To |
| 30251554 Description: सेट ऑफ़ नॉनएस्बेस्टस-बेस्ड आर्गेनिक ब्रेक pad. | 18.11.2025 | 19.12.2025 |

**अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखें।**

*कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/पमरे/जबलपुर*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालयः- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला न्यायालय, भोपाल के कार्यालय उपयोग की परिवहन व्यवस्था हेतु निविदा दस्तावेज में उल्लेखित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत इनोवा / अर्टिगा वाहन किराये पर लेने हेतु अनुभवी, प्रतिष्ठित सेवा प्रदाताओं से निविदायें आमंत्रित की जाना है। उक्त निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम

तिथि 16.12.2025 को सायं 05:00 बजे तक है। सील बंद निविदायें समस्त दस्तावेज सहित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल को संबोधित करते हुये जिला रजिस्ट्रार कार्यालय जिला न्यायालय भोपाल में जमा करें अथवा ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

उक्त प्राप्त निविदायें दिनांक 17.12.2025 को सायं 05:00 बजे अधिकृत कमेटी के समक्ष खोली जावेगी। सील बंद अथवा ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त निविदाओं में से न्यूनतम राशि की प्रस्तुत निविदा पर अधिकृत कमेटी द्वारा विचार में लिया जावेगा।

उक्त निविदा संबंधी विस्तृत दस्तावेज माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की वेबसाइट www.mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय भोपाल की वेबसाइट https://bhopal.dcourts.gov.in/#tenders तथा गवर्नमेंट ई-टेण्डर

पोर्टल www.tenders.gov.in पर उपलब्ध है।

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल म.प्र**

G-22597/25

**कार्यालय क्षेत्रसंचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम् म .प्र .**

Phone No. 07574-254394 (O) Fax, 07574-252133 E-mail:fdsatnp.hbd@mp.gov.in

**सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई-निविदा विज्ञप्ति**

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वर्ष 2025-26 विभिन्न योजना अंतर्गत परिक्षेत्रों में विभागीय कार्य में उपयोग हेतु वाचटावर निर्माण करने के लिए प्रदायकर्ताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. निविदा दस्तावेज मध्यप्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनांक से दिनांक 22.12.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं.

| क्र. | | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है. |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/-रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 28,950/- रुपए (अट्ठाइस हजार नौ सौ पचास रुपए मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनांक से |
| 5 | ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 22.12.2025 को सायं 05.00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनांक 24.12.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक |

**उपसंचालक**
**सतपुड़ा टाइगर रिजर्व**
**नर्मदापुरम्**

जी- 22586/25